Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Mahato Shri Sunil Kumar

>

Title : Problems being faced by people due to power shortage in Jharkhand.

श्री सुनील कुमार महतो (जमशेदपुर) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य में बिजली की समस्याओं के प्रति, मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। आज वहां बिजली की काफी किल्लत है। वहां एशिया का सबसे बड़ा इंडस्ट्री एरिया आदितपुर है। आज यहां सारे उद्योग बंद पड़े हुए हैं क्योंकि राज्य सरकार वहां बिजली देने में सफल नहीं हो रही है। इस कारण वहां सारे इंडस्ट्रलिस्ट सड़कों पर उतर आए हैं। वे लोग जलूस और प्रदर्शन कर रहे हैं। वहां आजादी के बाद से ही बिजली के इन्फ्रास्ट्रक्चर लगे हुए हैं, जो बहुत पुराने हो चुके हैं। वे भी आधे से ज्यादा बंद पड़े हैं। आज वहां बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज राज्य सरकार के साथ एमओयू साइन कर रही है। बड़ी-बड़ी मल्टी नैशनल कम्पनी वहां उद्योग लगाने के लिए आ रही cé[r22]। वहां बिजली की जो किल्लत है, इस मामले में किसी भी कीमत पर केन्द्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए और इस समस्या को दूर करना चाहिए। इससे राज्य की भी उन्नति होगी और साथ-साथ देश की भी उन्नति होगी। वहा संसाधन की कमी नहीं है। वहां आज सबसे ज्यादा कोयला दूसरे राज्य में एन.टी.पी.सी. के नाम पर जाता है और इस तरह से बहुत ज्यादा खर्च होता है। वहां एन.टी.पी.सी. क्यों नहीं बनाया जाए? यूरेनियम भी भारी मात्रा में वहां उत्पादित होता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि वहां अगर एटॉमिक पॉवर प्रोजेक्ट बनाया जाए तो बिजली की समस्या उसी राज्य से ही समाप्त की जा सकती है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहूंगा कि जनहित में इस कार्य को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा इसमें हस्तक्षेप किया जाए।